एक नजर में

## चिकित्सकीय सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सम्मानित




इंदौर. डायबिटीज़ विशेषज्ञों की संस्था रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ़ डायबबिटीज़ इन इंडिया के मध्य प्रदेश राज्य सचिव डॉ. राजेश अग्रवाल द्वारा डॉट क्लिनिक में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ सेवाभावी चिकित्सक डॉ. हरक जैन, प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नवनीत जैन तथा डॉ.ओ.पी. कनकने को उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में उन मरीजों का भी सम्मान किया गया, जो नियमित रूप से चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हैं. इनमें राजेश जैन (बड़वाह), चंचल अग्रवाल (इंदौर) और दशरथ पांडे शामिल रहे. इसके साथ ही उल्लेखनीय सेवा देने वाले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव नीलेश श्रीवास्तव, निलेश रिनी राजपूत और सूरज भावसार तथा वरिष्ठ पत्रकार कैलाश मित्तल और प्रवीण जोशी को भी सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह के दौरान सभी मरीजों को भगवद गीता भेंट की गई. डायबिटीज़, मोटापा, थायराइड एवं हॉर्मोन विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि नियमित जांच और समय पर इलाज से डायबिटीज़ जैसी गंभीर और खर्चीली बीमारी के दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है.

## थाना प्रभारी ने रहवासियों से किया संवाद



इन्दौर. थाना पलासिया के थाना प्रभारी रघुवंशी द्वारा रहवासियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद किया गया. इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याएँ सुनीं एवं अपराध से बचाव के उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी. उन्होंने विशेष रूप से अपराध से बचने के व्यावहारिक उपाय, साइबर क्राइम क्यों और कैसे होता है, तथा उससे बचाव के तरीके आदि पर मार्गदर्शन किया. उन्होंने बताया शीघ्र ही थाना प्रभारी एवं सभी संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबरों का सूचना बोर्ड लगाया जाएगा, ताकि नागरिक अपनी समस्याएँ सीधे साझा कर सकें. ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी रहवासी संघ के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि यह संवाद कार्यक्रम समाज की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है.

## मिलन समारोह में सम्मान और पुरस्कार वितरण



इन्दौर. हलबा/ हल्बी समाज इंदौर संस्था का वार्षिक स्नेह मिलन माँ कनकेश्वरी पारमार्थिक हॉल में संजय कुमार नंदनवार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के संस्थापक वसंतराव कुम्भारे, उज्जैन से आए अतिथि गण आदिवासी हलबा समाज विकास परिषद् की महासचिव कल्पना निनावे एवं आदिवासी हलबा समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष अरविन्द तारणेकर, इंदौर हलबा समाज के वरिष्ठ सलाहकार तोताराम नंदनवार, कैलाश डेकाटे, हरीश पवनीकर, प्रमुख अतिथिगण के द्वारा दीपप्रज्वलित किया गया. सचिव प्रतिवेदन समाज सचिव आशीष बारापात्रे के माध्यम से किया गया. सलाहकार तोताराम नंदनवार, कैलाश डेकाटे, कल्पना निनावे, अरविन्द तारणेकर ने भी संबोधित किया. समाज कार्यकारिणी द्वारा वरिष्ठ नागरिको का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया. समाज में नए सदस्य का आगमन हुआ, उनका भी सन्मान किया गया. हर वर्ष की तरह शैक्षणिक योग्यता पुरस्कार समाज के सदस्यों एवं समाज के द्वारा प्रदान किया गया. मुख्य कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए, नईकार्यकारिणी की घोषणा की गई.

## कैंसर के प्रति जागरूक करने वॉकेथॉन



इंदौर. कैंसर को लेकर फैली गलतफहमियों को दूर करने और लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करने के मकसद से वर्ल्ड कैंसर डे पर वॉकथॉन का आयोजन किया गया. एचसीजी कैंसर सेंटर की ओर से आयोजित इस वॉकथॉन में करीब 200 लोग शामिल हुए. इस वॉकथॉन में डॉक्टरों, हॉस्पिटल स्टाफ, कॉलेज स्टूडेंट्स, कैंसर सर्वाइवर और उनके परिवारों ने एक साथ कदम बढ़ाए. संदेश साफ था कि कैंसर से डरने की नहीं, जागरूक रहने की जरूरत है. वॉकथॉन की शुरुआत एचसीजी कैंसर सेंटर से हुई और एलआईजी स्क्वायर, इंडस्ट्री हाउस, पलासिया होते हुए दोबारा एचसीजी कैंसर सेंटर पर समाप्त हुई. एचसीजी कैंसर सेंटर इंदौर के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नितिन बामनिया ने कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ी ताकत है. समय पर बीमारी की पहचान सुरक्षा है और स्वस्थ आदतें ही असली बचाव हैं. कार्यक्रम में विभिन्न डॉक्टर्स मौजूद रहे. वॉकथॉन के जरिए यह संदेश दिया गया कि कैंसर से जंग अकेले नहीं लड़ी जाती। परिवार, समाज और डॉक्टरों के साथ मिलकर चलें तो उम्मीद और हौसला दोनों मजबूत होते है.

# बजट के पूर्व विषय विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों से की चर्चा : देवड़ा

## डिप्टी सीएम ने किया ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित ग्रीन एक्स प्रदर्शनी का अवलोकन

**इंदौर. प्रदेश का बजट आगामी 18 फरवरी को प्रस्तुत किया जाएगा. बजट के पूर्व आम जनता के सुझाव लिये गये. साथ ही बजट के संबंध में विषय विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों से चर्चा की गयी। इस बार का बजट अच्छा और जन हितैषी आयेगा.**

यह बात उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कही. उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज नायता मुण्डला इंदौर स्थित ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे.

इस मौके पर ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्र सहित अनिल गुप्ता, सौरव राठी, उत्तम कटारिया विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी की सराहना करते हुये कहा कि यह एक अच्छा और बेहतर आयोजन है. इस आयोजन से दाल मिल मालिकों और व्यापारियों को एक नई दिशा मिलेगी।




प्रदर्शनी में ताईवान, कनाड़ा, इग्लैण्ड आदि देशों की आधुनिकतम मशीनों को प्रदर्शित किया गया, जो सराहनीय है. उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश में दलहन पर लगने वाले अधिकतम जीएसटी और मंडी शुल्क संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये केन्द्रीय जीएसटी कौंसिल के समक्ष रखा जायेगा. साथ ही इस विषय पर प्रदेश के सभी दलहन उद्योगपतियों और व्यापारियों के साथ चर्चा की जायेगी. इस मौके पर श्री देवड़ा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मशीनों के बारे में उद्योगपतियों से जानकारी प्राप्त की. साथ ही एसोसियेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों से संवाद किया।

### आधुनिक मशीनरी देखने पहुंचे

आल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा दाल मिलों की नवीनतम तकनीकों की मशीनरी को एक्जीबिशन का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया. श्रीवसंत इंजिनियरिंग के कन्वेयर निर्माता रितेश व्यास ने बताया कि हमारी कंपनी कन्वेयर बनाती है जिसका सभी बड़ी बड़ी कंपनियों को सप्लाई होता है.



### जीएसटी कम करने की मांग

अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्रीजी को अवगत कराया कि आधुनिक मशीनों की खरीदी पर 18% जीएसटी लगा रखा है, जिससे उनकी कीमतें अधिक हो जाती है, अत: कृषि आधारित उद्योगो द्वारा खरीदी जाने वाली मशीनों पर जीएसटी कम किया जाए. दाल बनाने के लिए मध्यप्रदेश के बाहर से मंगाए जाने वाले दलहन - उड़द, मसूर पर मंडी शुल्क लग रहा है, इसे मंडी शुल्क से मक्त किया जाना चाहिए, उप मुख्यमंत्री ने पदाधिकरियों से कहा कि वे अपनी माँगों को लिखित में दें. अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है, जहाँ इंग्लैंड, चीन, कनाड़ा, ताईवान, टर्की, स्पेन आदि देशों की अत्याधुनिक और टेक्नालॉजी से लेस मशीनें प्रदर्शित की. उन्होंने निर्माता कंपनियो और उनके उत्पादो की विस्तार पूर्वक जानकारी दी.




## सर्जन्स को रोबोटिक सर्जरी का अनुभव मिला

### एमपीएएसआई कॉन के दूसरे दिन 60 लेक्चर

**इंदौर.** गॉल ब्लैडर हमारे शरीर का बहुत छोटा-सा अंग है, जो लिवर के नीचे होता है. इसमें कई बार स्टोन्स बन जाते हैं, जिससे दर्द और इन्फेक्शन हो जाता है. किडनी का स्टोन यूरिन के रास्ते से निकल सकता है परंतु गॉल ब्लैडर स्टोन के लिए सर्जरी ही एक मात्र तरीका होता है, इसे आज डेमोस्ट्रेट किया गया. पहले एक बीमारी होने पर सिर्फ ओपन सर्जरी का विकल्प होता था परंतु आज तकनीक बेहतर होने से हमारे पास लेप्रोस्कोपी, रोबोटिक्स सहित कई प्रकार की सर्जरी करने के ऑप्शन होते हैं.

एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश स्टेट चैप्टर और इंदौर सिटी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में एमपी चैप्टर की 43 वीं एमपीएएसआई कॉन 2026 के दूसरे दिन यह बात जयपुर से आए डॉ वीके कपूर ने कही.

उन्होंने किडनी और गॉल ब्लैडर स्टोन को लेकर चली आ रही पुरानी मान्यताओं पर भी बात की. तीन दिवसीय एमपीएएसआई कॉन 2026 के दूसरे दिन चार हॉल में एक साथ शैक्षणिक सत्र आयोजित हुएय कॉन्फ्रेंस के सेक्रेटरी डॉ अक्षय शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन करीब 60 लेक्चर हुए और 80 से ज्यादा पोस्टर प्रेजेंटेशन किए गए. कॉन्फ्रेंस में रोबोट पर लाइव हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी कराई गई, जिससे सर्जनस को रोबोटिक सर्जरी का प्रैक्टिकल अनुभव मिला. कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट डॉ राकेश शिवहरे ने बताया कि गॉल ब्लैडर सर्जरी भले ही आम हो, लेकिन इसके लिए सही ट्रेनिंग बेहद जरूरी है.

# सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर युवा सशक्त बनें

### सांसद के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभागियों को दिए प्रमाण पत्र

### उद्यमिता सह कौशल विकास एवं इंपोर्ट एक्सपोर्ट का प्रशिक्षण

**इंदौर.** एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश में उद्यमिता विकास एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र इंदौर के सहयोग से मिलेट एवं डेटा एनालिटिक आधारित उद्यमिता सह कौशल विकास एवं इंपोर्ट एक्सपोर्ट कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 60 से अधिक प्रतिभागियों को 5 दिन तक प्रशिक्षण दिया गया. अंतिम दिन प्रशिक्षार्थियों को सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरित किये गये.



मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का उद्यम स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर युवा अपने भविष्य को सशक्त बना सकते हैं.

आज सरकार आपके घर तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है. पहले एक्सपोर्ट करना तो दूर लायसेंस प्रकिया में ही उद्यमी हताश हो जाता था, लेकिन समय के साथ बदलाव हुए आज घर बैठे केवल 500 रू के शुल्क में एक्सपोर्ट का लायसेंस उपलब्ध हो रहा है. श्री लालवानी ने प्रशिक्षित हितग्राहियों शिवांगी मिश्रा व प्रसन्ना मजूमदार द्वारा तैयार मिलेट प्रोडक्ट की शुरुआत करने के लिए उन्हें मंच से सम्मानित किया. समारोह में एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता, सचिव तरुण व्यास, अनिल पालीवाल, इंपोर्ट एक्सपोर्ट प्रशिक्षक राकेश अग्रवाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र स्वप्निल गर्ग, राजेंद्र त्रिपाठी परियोजना समन्वयक सेडमैप एवं विजय चौरे जिला समन्वयक सैडमेप उपस्थित रहे.

### विभिन्न विषयों पर दिया विस्तृत प्रशिक्षण

कार्यक्रम में अध्यक्ष योगेश मेहता ने उद्यमिता सह कौशल विकास व इंपोर्ट एक्सपोर्ट प्रशिक्षण के लिए सैडमेप एवं राकेश अग्रवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया. आपने 5 दिवसीय इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता एवं विपणन से संबंधित जानकारी, एक्सपोर्ट इंपोर्ट लायसेंस प्रकिया, प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि विषयों पर प्रशिक्षक एवं एक्सपोर्ट विशेषज्ञ राकेश अग्रवाल द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया. मुख्य अतिथि द्वारा एक्सपोर्ट इंपोर्ट बैच को प्रमाण पत्र वितरित किए गए. आभार प्रदर्शन तरूण व्यास ने किया. संचालन विजय चौरे जिला समन्वयक सेडमैप इंदौर द्वारा किया गया.

# स्ट्रोक, ब्रेन ब्लॉकेज के इलाज की सिखाई अत्याधुनिक तकनीकें

## सीवीआईसी समिट के पहले दिन देशभर के विशेषज्ञ इंदौर में

**इंदौर,. में आधुनिक और कम दर्द वाले इलाज को बढ़ावा देने की दिशा में इंदौर में आयोजित सीवीआईसी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी समिट 2026 का पहला दिन चिकित्सा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रही. अरबिंदो परिसर स्थित इरकैड इंडिया में देशभर से आए इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने स्ट्रोक, ब्रेन ब्लॉकेज, लिवर ट्यूमर और किडनी से जुड़ी जटिल बीमारियों के बिना बड़े ऑपरेशन वाले इलाज पर गहन चर्चा की और नई तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया.**

दिनभर चले वैज्ञानिक सत्रों में यह बताया गया कि आज इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की मदद से कई गंभीर बीमारियों का इलाज केवल एक छोटे से पंचर या कैथेटर के जरिए संभव है. इससे मरीज को बड़े चीरे, लंबे अस्पताल में भर्ती और ज्यादा दर्द से राहत मिलती है. विशेषज्ञों ने कहा कि समय पर सही तकनीक अपनाने से स्ट्रोक और ट्यूमर जैसी जानलेवा स्थितियों में भी जीवन बचाया जा सकता है. न्यूरो इंटरवेंशन सत्र में ब्रेन एन्यूरिज्म के लिए एनेयूरिज्म कोइलिंग, ब्लॉकेज हटाने के लिए मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी, फ्लो डाइवर्टर डिप्लॉयमेंट और कैरोटिड आर्टरी स्टेंटिंग जैसी प्रक्रियाओं पर लाइव केस डिस्कशन हुए. डॉक्टरों ने बताया कि इन तकनीकों से लकवे का खतरा कम होता है और मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट सकता है.




इसके बाद हेपेटोबिलियरी इंटरवेंशन सत्र में लिवर ट्यूमर के लिए टेस थेरेपी, बाइल डक्ट ड्रेनेज और पोर्टल वेन थ्रोम्बोसिस मैनेजमेंट जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### थेटर से ब्लॉक हटाना संभव

सीवीआईसी इंदौर के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट एवं समिट ऑर्गनाइजिंग फैकल्टी सदस्य डॉ. निशांत भार्गव ने कहा हमारा उद्देश्य है कि मध्य भारत के डॉक्टरों को वही तकनीक और ट्रेनिंग मिले जो बड़े महानगरों में उपलब्ध है. जब डॉक्टर आधुनिक उपकरणों और प्रक्रियाओं में दक्ष होंगे, तभी मरीजों को बिना बड़े ऑपरेशन सुरक्षित और तेज़ इलाज मिल सकेगा. इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट एवं एंडोवेस्कुलर स्पेशलिस्ट डॉ. आलोक उडिया ने बताया, आज स्ट्रोक या ट्यूमर जैसी बीमारियों में ओपन सर्जरी ही एकमात्र विकल्प नहीं है. कैथेटर आधारित तकनीकों से ब्लॉकेज हटाना या दवा सीधे ट्यूमर तक पहुंचाना संभव है. इससे मरीज को कम दर्द, कम खर्च और जल्दी रिकवरी मिलती है. सीनियर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट एवं वैस्कुलर इंटरवेंशन विशेषज्ञ डॉ. शैलेश गुप्ता ने कहा इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी मरीजों के लिए गेम-चेंजर साबित हो रही है.

# मप्र काबुली चना एसो. की वार्षिक सभा आज

**इंदौर. मध्य प्रदेश कबूली चना एसोसिएशन की वार्षिक सभा रविवार को इंदौर के मित्तल फार्म हाउस में आयोजित होगी.**

इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश के लगभग 200 सदस्यों के साथ महाराष्ट्र और गुजरात के करीब 75 सदस्य भी शामिल होंगे. संस्था अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव नितेश गोधा एवं संरक्षक मुकेश कचौलिया ने बताया कि मध्य प्रदेश कबूली चना एसोसिएशन इंदौर-केंद्रित है, जो पहले भी स्टॉक लिमिट हटाने, मंडी टैक्स कम करने जैसे मुद्दों पर सक्रिय रही है, काबुली चने का मध्य प्रदेश प्रमुख उत्पादक राज्य है, जहां से विश्व में अनेक देशों को निर्यात होता है जिससे विदेशी मुद्रा अर्जित होती है.

आज की बैठक में आगामी वर्ष में भारत में कबूली चना का कुल उत्पादन, निर्यात की संभावनाएं, न्यूनतम एवं अधिकतम भाव क्या हो सकते हैं, व्यापार के धारा -धोरण निर्धारण जैसे बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श होगा.

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

XXXGIDHXXX
CG-DL-E-16122025268546
XXXGIDEXXX

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II - खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5594 ] No. 5594]
नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 15, 2025 / अग्रहायण 24, 1947
NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 15, 2025 / AGRAHAYANA 24, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय अधिसूचना
नई दिल्ली, 15 दिसम्बर, 2025

का.आ. 5789(अ).– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 645 (अ) तारीख 07/02/2025, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के बड़वानी जिले में NH752G के कि.मी. 0+000 से कि.मी. 55+515 (सेंधवा - खेतिया म.प्र. / महाराष्ट्र बार्डर रोड) तक के भूखण्ड के निर्माण, (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2/4 - लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख '07 जून 2025' को 'नईदुनिया' और '07 जून 2025' को 'टाइम्स नैशन' दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3 - ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

जिला बड़वानी
https://egazette.gov.in
प्रकाशन दिनांक
https//egazette.gov.in
G25481/25

[F. No. CE-RO BPL /30010/68/2023-24/3A]
ABHAY JAIN, Director

एक नजर में

### दिव्य गीता सत्संग के दूसरे दिन स्वामी ज्ञानानंद ने दिए प्रेरक आशीर्वचन

# आज के हालातों में गीता के संदेशों की सख्त जरूरत

**इंदौर. गीता हमारे जीवन का ऐसा दर्पण है जो हमें अपने अंदर की कमियों, मन की कमजोरियों, विचलन, अशांति और अस्थिरता की ओर इंगित करता है.**

गीता के दर्पण में मनुष्य को सबकुछ दिखाई देता है कि अपने जीवन को कैसे धैर्यवान और स्थिर रखें. अशांत मन को पूरी तरह चिंता मुक्त रखने, परमार्थ से पुरुषार्थ, निराशा से आशा और अंदर की सोच को उदार बनाने वाला एक मात्र ग्रन्थ गीता ही है. गीता कर्तव्य बोध कराने वाला दिव्य ग्रन्थ है. सनातन भारत को आज के हालातों में गीता जैसे कालजयी ग्रन्थ के संदेशों की सख्त जरूरत है.

उक्त विचार प्रख्यात गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद ने शनिवार को कनाड़िया रोड, मोर्या हिल्स स्थित कुसुम देवी छावछरिया सभागृह पर सूठीबाई दौलतराम पारमार्थिक न्यास की मेजबानी में चल रहे दिव्य गीता सत्संग के द्वितीय दिवस पर आयोजित सत्संग में उपस्थित शहर के प्रबुद्ध और गणमान्यजनों को संबोधित करते हुए रखे.



प्रारंभ में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, यजमान समूह की ओर से बालकृष्ण छावछरिया, वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप), सुशीला देवी अग्रवाल, पूर्व राज्यपाल वीएस कोकजे, सचिव कुलभूषण मित्तल कुक्की, दिनेश मित्तल, मनोरंजन मिश्रा, विकास गुप्ता, सीए पंकज गुप्ता, डॉ. निशा जोशी, निर्मल रामरतन अग्रवाल, विष्णु बिंदल, पार्षद पराग लोंढे, सौगात मिश्रा, एसएन गोयल, जिंदल आदि ने मंगलाचरण के बीच दीप प्रज्वलन कर सत्संग का शुभारंभ किया. ग्लोबल इंस्पीरेशन एनलाइटनमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ़ भगवद गीता (जीओ गीता) के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप मित्तल (दिल्ली) ने महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के निर्देशन में दुनिया के विभिन्न देशों में गीता के प्रचार प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा दिया.

समापन अवसर पर आरती में सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक मधु वर्मा, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, पूर्व पार्षद सूरज कैरो, हरिनारायण यादव, मोहन सेंगर, डॉ. आर के गौड़, खजराना गणेश मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, प्रशांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने भी शामिल होकर महामंडलेश्वरजी से आशीर्वाद प्राप्त किए.

### संस्कारित नागरिक बनने की प्रेरणा दी

स्वामी ज्ञानानंद ने शनिवार को सुबह टेलीफोन नगर स्थित शेरिंगवुड स्कूल के बच्चों को गीता के माध्यम से श्रेष्ठ संस्कारों की सीख देते हुए उन्हें देश का सुशील और संस्कारित नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। करीब एक घंटे तक वे स्कूल में रहे और वहां की शिक्षा पद्धति, व्यवस्थाओं और स्टाफ से मिलकर उन्हें भी आशीर्वाद प्रदान किए. कार्यक्रम समन्वयक कुलभूषण मित्तल कुक्की ने बताया कि 8 फर .को 3 से शाम 6 बजे तक मोर्या हिल्स कनाडिया रोड स्थित कुसुमदेवी छावछरिया सभागृह में प्रख्यात गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के आशीर्वचन होंगे.